2019/00099

फर्द अहकाम

# न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

डालूराम   बनाम ए सी ई एम फागी व अन्य

केस संख्या  100/2019 (मुन्तकिल प्रार्थन पत्र)

| दिनांक आज्ञा या कार्यवाही | आज्ञा का विस्तृत रूप | विशेष विवरण |
|---|---|---|
| 19.11.2019 | पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित है। प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया है कि सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट फागी के पीठासीन अधिकारी का चार्ज श्री धर्मराज गुर्जर आर ए एस उपखण्ड अधिकारी फागी को दे दिया गया है।<br><br>प्रार्थी अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया ।<br><br>प्रार्थी ने सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट फागी के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 31/2019 व प्रार्थना पत्र संख्या 15/2019 ब उनवानी डालूराम बनाम पांचू व अन्य में लिंक पीठासीन अधिकारी श्री राकेश कुमार मीणा से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है।<br><br>सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट फागी का कार्यभार श्री धर्मराज गुर्जर आर ए एस उपखण्उ अधिकारी फ्गागी को दे दिये जाने से पूर्व पीठसीन अधिकारी के विरूद्व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो।<br><br>**जिला कलक्टर**<br>**जयपुर** | |